


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 311 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 27 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
ऑफिस में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928, 8319964648

वर्ष 1990 में विवेकानंद नगर नाम से बसाहट की थी, लेकिन यहां के हालत बेहद खराब...

## नगर सुधार न्यास द्वारा काटी कॉलोनी का विकास नहीं कर सकी नपा

### करीब 300 प्लाट काटे थे नगर सुधार न्यास ने, बेचे भी, जबकि विकास में रहे फिसड्डी

**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व में नगर पालिका मंदसौर संचालित थी, इसके बाद 90 के दशक में राज्य शासन ने मंदसौर के विकास के लिए नगर सुधार न्यास का गठन किया। नगर सुधार न्यास द्वारा शहर के विकास को गति देने की गरज से विवेकानंद नगर नाम से बसाहट की कार्ययोजना बनाई गई। ट्रांसपोर्ट नगर के समीप विवेकानंद नगर में कॉलोनी काटी गई। उस समय 300 के करीब प्लॉट काटे गए। इन प्लाटों को नीलाम बोली में नीलाम भी किया गया। तत्कालीन नगर सुधार न्यास द्वारा एमआईजी, एलआईजी प्रकार के करीब 20-22 मकान भी बनाए गए। लेकिन, ये मकान भी खंडहर हो गए हैं। इंसान तो दूर की बात है, पशुओं के रहने लायक नहीं बचे हैं। नगर सुधार न्यास ने विवेकानंद नगर को बसाने की योजना क्रियान्वियत की थी, लेकिन इसे नगर पालिका परिषद आगे नहीं बढ़ा सकी। नगर सुधार न्यास के भंग होने के बाद से ही मंदसौर का दूरस्थ क्षेत्रों में विकास नहीं हो पाया है। 1990 में विवेकानंद नगर की आधारशीला रखी गई थी। यानी तब से लगाकर अब तक 34 वर्ष होने को आए हैं। तीन दशक से अधिक समय में भी नगर पालिका के कोई भी अध्यक्ष और सीएमओ विवेकानंद नगर को सर्वसुविधायुक्त बसाने में कामयाब नहीं हो पाए। बता दें कि तत्कालीन नपाध्यक्ष कुसूम गुप्ता और स्व. प्रहलाद बंधवार के कार्यकाल में विवेकानंद नगर की सर्वसुविधायुक्त बसाहट के लिए बजट भी पारित किया गया था। लेकिन, इस बजट का समुचित खर्चा विवेकानंद नगर के लिए नहीं हो सका। आज वहां की सड़कें न के बराबर रह गई है। लाईट की रोशनी नहीं है। इलका जंगल जैसा लगता है। यह और बात है कि पूर्व के समय में कुछ लोगों ने वहां बनाए गए मकान में निवास भी किया था। लेकिन, सुविधा नहीं मिलने से वे भी परेशान होते रहे।

मंदसौर शहर में कभी नगर सुधार न्यास हुआ करता था। इस न्यास के कार्यकाल में ट्रांसपोर्ट नगर के समीप विवेकानगर नगर कॉलोनी काटी गई थी। बताते हैं कि विवेकानंद नगर 1990 में बनाया गया था। तब नपा ने प्लाट काट दिए तथा कुछ मकान बनाकर उसे नीलाम बोली में बेच दिए। यह सब कुछ होने के बाद नगर पालिका प्रशासन इस कॉलोनी में न तो पानी की व्यवस्था कर पाया और न ही विद्युत की। साथ ही सड़क की व्यवस्था और स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था भी नहीं की जा सकी। करीब तीन दशक बाद भी विवेकानंद नगर आज भी उजाड़ पड़ा हुआ है। बता दें कि नगर सुधार न्यास जैसे ही भंग हुआ था, तब से विवेकानंद नगर का विकास अटक गया, जिसकी फाईल इतने वर्षों के बाद भी अलमारियों में बंद है।

**विवेकानंद नगर है एक बड़ी कॉलोनी, तब किए गए थे लाखों खर्च–** विवेकानंद नगर एक बड़ी कॉलोनी है। यहां पर बसाहट के.... **शेष पेज 4 पर**

#### ट्रांसपोर्ट नगर का विकास हो तो बढ़े आगे बात...

बता दें कि ट्रांसपोर्ट नगर का भी विकास नहीं हो सका है। ट्रांसपोर्ट नगर विकास हो तो आगे बात भी बढ़ सके। इसके बाद विवेकानंद नगर का विकास बुलंदी पर जा सकता है। लेकिन, विवेकानंद नगर का विकास हो तो स्वतः ट्रांसपोर्ट नगर का भी विकास हो सकता है। दोनों का विकास एक दूसरे से जुड़कर रह गया है। नगर पालिका ने ट्रांसपोर्ट नगर जब बनाया था, तब उद्देश्य था कि ट्रांसपोर्ट व्यापारियों को वहां पर भेजा जाए। यहां गोदाम और दुकानें बनाई गई। प्लाट काटे गए, लेकिन ट्रांसपोर्ट नगर भी बसाया नहीं जा सका है।





ढोल, घंटे, मजीरे बज उठे, जयकारों की गूंज के बीच कान्हा व राधा के रंग में डूबे रहे भक्त...

## पशुपतिनाथजी के शहर में जन्मे कृष्णाजी, मनी चहुंओर खुशियां

### दर्शन की झलक पाने उमड़े श्रद्धालु, विहिप ने चल समारोह निकाला, युवा और दुर्गा वाहिनी ने किया शौर्य प्रदर्शन

**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथजी के शहर में जन्माष्टमी धूमधाम से मनी। रात्रि ठीक 12 बजे कृष्णाजी का जन्म हुआ। भगवान के जन्म लेते ही चहुंओर खुशियां मनाई गई। जयकारे लगते रहे। भगवान के जन्म की एक झलक पाने के लिए हर भक्तजन लाललित दिखा। रात्रि में मिठाई भी वितरित की गई। कई जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम हुए, जहां टोलियों ने माखन वाली मटकी फोड़कर ईनाम जीता। जिले के शामगढ़, गरोठ, भानपुरा, सीतामऊ, सुवासरा, नाहरगढ़, दलौदा, भावगढ़, पिपलिया, मल्हारगढ़ एवं नारायणगढ़ नगर सहित ग्रामों में भी मटकी फोड़ कार्यक्रम हुए। शहर के जीवागंज स्थित गोरधननाथ मंदिर में कान्हा के जन्म के क्षणों को निहारने के लिए भक्तों की आंखों में प्रबलता दिखाई दी।

पशुपतिनाथजी की नगरी दशपुर में कान्हा का जन्म का दिन यानी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया गया। भगवान शिव पशुपतिनाथ की नगरी में कान्हा का जन्मोत्सव कृष्ण मंदिरों के साथ ही नगर के सभी मंदिरों में उत्साह से मनाया गया। आधी रात 12 बजे भगवान श्रीं कृष्ण का जन्म होते ही ढोल बज उठे, घंटे, मजीरे बजने लगे, उत्साह के साथ आरती उतारी गई। भगवान के दर्शन की झलक पाने को श्रद्धालु उमड़ पड़े। कृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव पर मंदिरों में विशेष साज सज्जा के साथ दर्शन की तैयारियां की गई थी। साथ ही नगर में सार्वजनिक रूप से भी कृष्ण जन्मोत्सव के भी अभिनव आयोजन किए गए। जिनमें चल समारोह, शोभायात्रा ,मटकी फोड़ के आयोजन हुए।

**जिला जैल में मनी जन्माष्टमी, पालना झूलाने के लिए उमड़े भक्त–** जिला जैल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का भव्य आयोजन हुआ। यहां बनी झांकी सभी के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर विद्युत साज सजा भी की गई। यहां बनी झांकियों में एक झांकी में भगवान शिव की जटा से गंगा जी के अवतरण का दृश्य था तो अन्य झांकी में यशोदा मैया कृष्ण के बाल स्वरूप पर डंडे से प्रहार करते हुए यह झांक भी प्रस्तुत की गई। गौरतलब है कि जिला जैल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाने की पुरानी परंपरा है। क्योंकि भगवान कृष्ण का जन्म मथुरा के कंस के कारागार यानी जैल में हुआ इसलिए यह परंपरा सदियों से चल रही है। जैल में निरुद्ध कैदी बंधु जिनमें हिंदू-मुस्लिम सभी शामिल हैं वे सब मिलजुल कर झांकियां सजाने में पूरा सहयोग करते हैं। जाति धर्म का कोई भेद भाव नहीं होता। इसी परम्परा का निर्वहन इस बार भी किया गया।



**स्टेशन रोड, जनता कॉलोनी पर राधाकृष्ण मंदिर पर झांकी सजाई–** स्टेशन रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्मी पर्व पर विशेष झांकी सजाई गई। साथ ही यहां कृष्ण जन्मोत्सव के विविध आयोजन भी हुए। जनता कॉलोनी के राधा कृष्ण मंदिर में भी कृष्ण जन्माष्मी के अवसर पर ...... **शेष पेज 4 पर**

10 महीने की मासूम रोई, पकड़े जाने के डर से हत्या की, शव कुएं में फेंका...

## बच्ची को अगवा कर मां पर डाला था रिश्ते का दबाव

### राजस्थान पुलिस के कॉन्स्टेबल सुरेश मीणा ने आरोपी दशरथ को पकड़ा

**रतलाम, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम में महिला पर रिलेशन बनाने का दबाव डालने के लिए आरोपी ने उसकी 10 महीने की बेटी को किडनैप किया। अगवा कर ले जाते समय बच्ची के रोने पर पकड़े जाने के डर से मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव कुएं में फेंक दिया। घटना 17 अगस्त की है। पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को पूछताछ के बाद यह खुलासा किया। मामला कालूखेड़ा के लसुडिया नाथी गांव का है। आरोपी पड़ोस में रहने वाला दशरथ कटारिया है।

मां के बगल से बच्ची को उठा ले गया था उपरवाड़ा की रहने वाली प्रेमा का लसुड़िया नाथी में मायका है। वह 1 साल से यहीं रह रही हैं। डिलिवरी के पहले से वह मायके आ गई थीं। 17 अगस्त की रात प्रेमा घर में बच्ची तनु के साथ सो रही थीं। रात 11 से 12 बजे के बीच उनकी नींद खुली तो बच्ची पास में नहीं थी। कमरे का अंदर से दरवाजा बंद था, लेकिन खिड़की खुली हुई थी। रात में ही पति को जानकारी दी, इसके बाद पुलिस को जानकारी दी।आरोपी की निशानदेही पर बच्ची का शव रविवार को बरामद कर लिया गया था।

**ससुराल में छिपकर बैठा था आरोपी–** पुलिस कप्तान राहुल लोढ़ा के मुताबिक, 'डॉग स्निफर ने घटनास्थल की जांच की। बच्ची के मकान से डॉग 3 किलोमीटर दूर चिकलाना में एक मकान तक पहुंचा। यहां शराब मिलती है। पूछताछ में दशरथ कटारिया का नाम भी सामने आया। इस आधार पर दो बार उससे पूछताछ की, लेकिन कोई क्लू नहीं मिला। यहां तक कि आरोपी बच्ची की तलाश में गांव के लोगों के साथ भी में रहा।' एसपी लोढ़ा ने बताया, 'बाद में जब क्लू मिला, तब तक आरोपी फरार हो गया। आरोपी राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के हथुनिया थाना के बरोठा स्थित अपने ससुराल में खेत की झोपड़ी में छिपा था। रविवार सुबह राजस्थान पुलिस के कॉन्स्टेबल सुरेश मीणा ने उसे पकड़ा, इसके बाद रतलाम पुलिस को सूचना दी।

**शादीशुदा, दो बच्चों का पिता है आरोपी–** पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बच्ची की मां पर बुरी नजर रखता था। आरोपी की पत्नी और दो बच्चे भी हैं। पत्नी मायके गई थी। इसी के अगले दिन उसने यह वारदात की। बच्ची के लापता होने के बाद से रतलाम पुलिस ने आसपास के जिलों और राजस्थान पुलिस तक इस बारे में सूचना दे रखी थी। रतलाम से पुलिस टीम मंदसौर, नीमच भी पहुंची। आरोपी के ससुराल राजस्थान के प्रतापगढ्र जिले के हथुनिया में भी गई, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। रविवार को ग्रामीणों की मदद से राजस्थान पुलिस के कॉन्स्टेबल ने आरोपी को पकड़ा। रतलाम पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कुएं से बच्ची के शव को निकाला।

**आरोपी का घर गिराने की मांग...**

आरोपी की पुलिस पकड़ में आने के बाद खारोल समाज ने कालूखेड़ा थाने पर धरना दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे समाजजन आरोपी को फांसी देने और मकान तोड़ने की मांग कर रहे थे। दोपहर बाद जावरा एसडीएम त्रिलोचन गौड़, एसडीओपी शक्तिसिंह चौहान पहुंचे। लोगों से बातचीत की और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## मोबाईल दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी धराए

**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा नगर में 28 जुलाई की रात्रि में जिनिंग फेक्टरी गली में मोबाईल दुकान पर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है, जिनके कब्जे से चोरी गया मशरूका बरामद किया गया। एक आरोपी विधि विरुद्ध रहा है। पुलिस के अनुसार फरियादी संदीप पिता वासुदेव मोदी निवासी पुराना बस स्टैंड ने चोरी की शिकायत की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज का जांच शुरू की। छानबीन के दौरान मुखबीर की सूचना पर संदेही को पकड़ा गया। आरोपी नितेश उर्फ करण पिता प्रकाशचन्द मेवाड़ा निवासी नई आबादी मेलखेड़ा एवं एक विधि विरुद्ध बालक रहा है, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपी नितेश से पूछताछ की गई, जिसमें उसने दुकान से मोबाईल एवं अन्य सामान चोरी करना कबूला है। चोरी किए गए तीन मोबाईल में से एक मोबाईल बरामद हुआ है। दो मोबाईल व सामान उसने बेच दिया। नाबालिग बालक 17 वर्ष से एक मोबाईल एवं बचे हुए मोबाईल तथा 4800 रुपए नकदी बरामद किए गए।

## पानी के भंवर में फंसा युवक, दोस्तों ने बचाया

**सीतामऊ, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नाले और तालाब उफान पर है मौसम भी सुहावना हो चुका है। जिसके कारण बड़ी संख्या में सैलानी पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे हैं। सोमवार को सीतामऊ में युवाओं की एक टोली तालाब से छलक रहे पानी के झरने में नहाने पहुंची थी, जहां पानी के बहाव में एक युवक डूबते-डूबते बचा। झरने से नहाने के दौरान युवक डूबने लगा था, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने समय रहते उसकी जान बचा ली। थोडी भी देर होने पर वह पानी में बह सकता था। जानकारी के अनुसार सीतामऊ का तालाब बारिश से लबालब हो चुका है और तालाब से छलक रहे पानी के झरने को देख युवा वहां नहाने पहुंच रहे हैं। ऐसे में आज सुबह 26 वर्षीय युवक बिलाल खान अपने साथियों के साथ नहाने पहुंचा था। जहां पानी के बहाव में वह डूबने लगा, मौके पर साथियों ने किसी तरह उसकी जान बचा ली।

भैसोंदामंडी चौकी के ग्राम बोरदा और ढाबा से चार मोटरें हुई थी चोरी, एक मोटर बरामद...

## विद्युत मोटर चोरी करने वाले महिला और पुरुष पकड़ाए

**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा थाने की भैंसोदामंडी चौकी पुलिस ने विद्युत मोटर चोरी मामले में एक महिला और एक पुरुष को पकड़ा है, जिनके कब्जे से चोरी गई एक मोटर और घटना में प्रयुक्त बाईक आरजे 33 एसडी 4969 को भी बरामद किया गया है। शेष तीन मोटरें बरामदी के लिए चौकी प्रभारी मूलचंद धाकड़ सोमवार रात्रि में प्रयास करते रहे।

पुलिस के अनुसार ग्राम बोरदा में समन्वय तालाब के समीप सरकारी कुएं पर पंचायत की विद्युत मोटर व स्टार्टर लगे हुए थे। इस मोटर को 16 अगस्त की रात्रि में बदमाश चोरी कर गए। मोटर पर ग्राम पंचायत बोरदा लिखा हुआ था।

बोरदा की सरपंच कृष्णाबाई है। मामले में फरियादी उमेश पिता कन्हैयालाल पाटीदार ने भैसोदा चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद ग्राम ढाबा में भी तीन मोटरें चोरी की गई। ढाबा गांव के मांगीलाल देवीलाल गुर्जर ने शिकायत की कि मेरी व मेरे गांव के अन्य लोगों की विद्युत मोटरें रेवा नदी किनारे देवनारायण मंदिर के समीप लगाई गई थी। 21 अगस्त की रात्रि में दस बजे वे कार्य कर घर चले गए। 22 अगस्त की सुबह जब मांगीलाल मंदिर क्षेत्र पहुंचा तो वहां 5 एचपी की मोटर नहीं मिली। इस मोटर पर काले रंग के ऑईल पेंट से मांगीलाल लिखा हुआ था। मेरे गांव के कृष्णपालसिंह पिता कुशालसिंह हाड़ा की मोटरें 7.5 एची एवं 3 एचपी भी नदी किनारे नहीं थी। इन दोनों मोटरों पर अंग्रेजी में केपी लिखा हुआ है। कन्हैयालाल ने इसकी ... **शेष पेज 4 पर**

पशुपतिनाथजी मंदिर में पानी पहुंचने के पूर्व जलस्तर घटा, रात्रि की बारिश से...

## शिवना उफनी, तैलिया तालाब भराया, रामघाट ओवरफ्लो हुआ

### आज से थमेंगी बारिश, 30 अगस्त से फिर भारी वर्षा का अलर्ट

**मदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार रात्रि से शुरू हुई बारिश रविवार रात्रि तक जारी रही। रविवार रात्रि को हुई बारिश की वजह से शिवना नदी में उफान आ गया। छोटी पुलिया पूरी तरह जलमग्र हुई, वहीं रामघाट बांध भी ओवरफ्लो हुआ। नदी में बाढ़ की स्थिति रही। जलप्रवाह अपनी पूरी वेग से होता रहा। सोमवार सुबह बारिश नहीं हो पाई, इस कारण शिवना का जलस्तर धीरे-धीरे कम हुआ। इस बार अभी तक पशुपतिनाथजी के चरण शिवना मैया पखार नहीं सकी है। पशुपतिनाथजी का जलाभिषेक नहीं हो पाया है। 30 अगस्त से फिर भारी वर्षा का अलर्ट है, ऐसे में जलाभिषेक की उम्मीद है। उधर, रविवार रात्रि की बारिश से तैलिया तालाब भी लबालब हो गया है। कुछ और देर बारिश यदि जारी रहती तो संभव था कि तैलिया तालाब की चादर चलने लगती। बताते हैं कि दो फीट और पानी भरने के बाद तैलिया तालाब के झरने चलने लगेगा। वैसे, इस बरसात का शहरवासियों का इंतजार था, जो पूरा हुआ है।



मंदसौर जिले में पिछले 24 घंटों में जिले में 2.20 इंच करीब दर्ज गई है। जिले में अब तक 27.21 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 10 इंच से अधिक है। जिले की औसम बारिश 33 इंच के आसपास मानी जाती है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मन्दसौर शहर सहित अंचल में रातभर से बारिश होती रही। हालांकि सोमवार सुबह से बारिश का दौर थमा हुआ रहा। तेज बारिश के चलते शिवना नदी उफान पर है। शिवना नदी पर बने कालाभाटा बांध के तीन गेट खोलना पड़े। बांध के 2 गेट 6 फिट और एक गेट 10 फिट तक खोला गया। इससे पशुपतिनाथ मंदिर के निकट बह रही शिवना नदी का जलस्तर बढ़ गया। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया- लो प्रेशर एरिया रीवा संभाग के आसपास ... **शेष पेज 4 पर**

स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने की राह डमगमा रही, करना होगी कड़ी मेहनत...

## कैसे होगा कचरा एकत्र, डस्टबिन ही गायब!

### नगर पालिका द्वारा वर्षा ऋतु के बाद पूरे शहर में डस्टबिन पुनः लगाने के दावे

**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2023-24 में मंदसौर नगरपालिका देश में 51वें और प्रदेश में 15वें नंबर पर रही है। सर्वेक्षण में इस साल टॉप-10 या अव्वल में आने के लिए नगरपालिका को सफाई, कचरा निष्पादन सहित अन्य बिंदुओं पर और अधिक मेहनत करना है। लेकिन सर्वेक्षण का रिजल्ट आने के बाद नगरपालिका ने अब तक अगले साल की तैयारियों के नाम कुछ नहीं किया है। स्थिति यह है कि पूर्व में की गई तैयारियों में भी नपा कमजोर हो गई है। कचरा एकत्र करने के लिए शहर में लगाए गए डस्टबिन पूरी तरह से टूट गए है, मौके पर सिर्फ स्टैंड ही नजर आ रहे है। इसके कारण लोग यहां-वहां कचरा फेंक रहे है। अधिकारियों का कहना है कि वर्षा ऋतु के बाद पूरे शहर में डस्टबिन पुन: लगाए जाएंगे।



शहर में नगर पालिका के पास कागजों पर दिखाने के लिए भारी-भरकम सफाई अमला है। इसमें 800 से अधिक कर्मचारियों के साथ ही घर-घर से कचरा एकत्र करने वाले वाहन और फिर उस कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड तक छोड़ने वाले डंपर व ट्रैक्टर-ट्रालियां शामिल हैं। इसके बाद भी शहर स्वच्छता सर्वेक्षण में पास हो सके इतनी तैयारियां नहीं है। जबकि स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों पर नपा हर साल पानी की तरह पैसा बहा रही है। यहीं हालात रहे तो शहर अव्वल आने की बजाय 2023-24 में मिली रेकिंग को बचाना भी मुश्किल हो जाएगा।

हर साल शहर में स्वच्छता सर्वे शुरू होने के एक-दो माह पहले से ही नपा के अधिकारियों में हलचल होती है। सर्वे होने के बाद शहर की सफाई सहित सर्वे के लिये की गई तैयारियां फिर व्यवस्था फिर बेपटरी हो रही है। सर्वे दल की टीम को दिखाने के लिए लगाए डस्टबिन भी टूट गए हैं। इसके कारण जगह-जगह कचरे के ढेर लग रहे हैं। शहर में निकलने वाला सारा कचरा भी प्रतिदिन नहीं उठ रहा है। स्वच्छता सर्वे खत्म होने के बाद सफाई अभियान को लेकर नपा अधिकारी और कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे है। नालियों की सफाई के लिए नपा में शिकायतें पहुंच रही हैं। जहां डस्टबिन लगे हैं, उनके आसपास फैली गंदगी भी हालात बयां कर रही है। स्वच्छता सर्वे से पहले नगरपालिका सफाई को लेकर गंभीर दिखाई दे रही थी। सफाई कर्मचारियों से लेकर अधिकारी तक सतर्क थे। शहर की सड़कों से लेकर कालोनियों की गलियों और नालियों भी बराबर सफाई हो रही थी। प्रचार-प्रसार और जागरुकता के लिए नगरपालिका ने लाखों रुपये पानी की तरह खर्च कर दिए लेकिन फिर भी शहर को स्वच्छता रेकिंग में अव्वल बनाने में नपा अभी देश में 51 और प्रदेश में 15 कदम दूर है। इस साल सर्वेक्षण के सभी बिंदूओं पर समय रहते तैयारियां हो तो शहर की रेकिंग भी सुधर सकती है और नपा टाप-10 या अव्वल आने के सपने को भी पूरा कर सकती है।

**जगह-जगह लगे हैं गंदगी के ढेर–** वर्तमान में पूरे शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे है। जहां डस्टबिन लगे हैं, वहां भी व्यवस्थाएं ठीक नहीं हैं। नगरपालिका शहर में जिन पाइंटों पर कचरा एकत्र करती है वहां से भी प्रतिदिन कचरा नहीं उठाया जा रहा है। शहर में प्रतिदिन 70 टन तक कचरा निकलता है, इतना कचरा अभी प्रतिदिन ट्रेंचिंग ग्राउंड नहीं पहुंच रहा है।

#### फैक्ट फाइल

| शहर में कुल वार्ड | 40 |
|---|---|
| सफाई कर्मचारी | 825 |
| रोज एकत्र कचरा | 70 टन |
| कचरा एकत्र वाहन | 35 से अधिक |
| जेसीबी | 2 |
| ट्रैक्टर-ट्राली | 4 |
| डंपर | 3 |
| कार्गो | 1 |



# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन हुआ

**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आज दिनांक 26.08.2024 को प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि संस्कृत विभाग, हिन्दी विभाग एवं भारतीय ज्ञान-परम्परा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्त्वावधान में श्रीकृष्णजन्माष्टमी पर्व का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में भगवान् श्रीकृष्ण की शिक्षा, मित्रता तथा जीवन दर्शन पर आधारित व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भगवान् श्रीकृष्ण के सम्मुख दीप-प्रज्वलन कर किया गया। संस्थाप्रमुख डॉ. डी.सी. गुप्ता द्वारा पुष्पहार व शब्दसुमनों से अतिथियों का स्वागत किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि स्तोत्रं कस्य न तुष्ये अर्थात् स्तुति से देवता प्रसन्न होते हैं। अत: कृष्ण की स्तुति करते रहना चाहिए। विषय प्रवर्तन करते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जे.एल. आर्य ने कहा कि जिन भक्तों के हृदय में भगवान् श्रीकृष्ण के चरणारविन्द की स्मृति सदा बनी रहती है तो उसके प्रभाव से समस्त पापों तथा अशुभों का नाश, कल्याण की प्राप्ति, अन्त:करण की शुद्धि, परमात्मा की भक्ति और वैराग्य युक्त ज्ञान-विज्ञान की प्राप्ति स्वत: ही हो जाती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री नरेशजी चन्दवानी अध्यक्ष स्थानीय प्रबंधन समिति ने श्रीकृष्णजन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि आज ही के दिन असुरों के अत्याचारों से उत्पीडित, कामवासना, दु:ख, दैन्य और दारिद्र के तीव्र ताड़न से संत्रस्त मनुष्यों का उद्धार करने वाले भगवान् श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृतसंघ (खडघउजछ) ,उज्जैन से पधारे भक्तिवेदान्त के प्रचारक श्री केशवदास प्रभु जी ने बताया कि श्री कृष्ण साधु जनों की रक्षा के लिए एवं दुष्टात्मा के विनाश के लिए, धर्म की स्थापना के लिए एवं मानव के कल्याण के लिए अवतरित होते हैं। मनुष्य को अपने कर्म आत्मा के लिए करना चाहिए न कि शरीर के लिए। भगवान् ने हमें ऊर्जा, वायु, जल, वनस्पति इत्यादि वस्तुएँ नि:शुल्क प्रदान की हैं। अत: हमें भगवान से निस्वार्थ प्रेम करना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण का जीवन ही संपूर्ण दर्शन है क्योंकि उनका प्रत्येक कार्य सुनियोजित एवं संपूर्ण संसार के कल्याण के लिए हैं। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीतिश्रीवास्तव ने किया एवं आभार संस्कृत विभाग के प्रो. पंकज शर्मा ने माना। इस अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. पी.एल. पाटीदार, श्री विनोद पाटीदार एवं श्री अनिल पाटीदार जी का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थिगण उपस्थित रहें।

# शाही रथ में विराजे भगवान श्रीकृष्ण, ग्वालों ने खिंचा रथ

## जन्माष्टमी पर्व पर ग्वाला समाज ने निकाला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत

**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण चंद्रवंशी ग्वाला गवली समाज मंदसौर द्वारा चल समारोह निकाला गया। गाजे-बाजे और ढोल-ढमाकों के साथ नयापुरा गवली मोहल्ला स्थित श्री सांवलिया सेठ मंदिर से प्रारंभ हुआ चल समारोह पांच घंटे तक शहर में लगभग तीन किमी तक विभिन्न मार्गो से होकर गुजरा। शोभायात्रा में भगवान कृष्ण, ग्वाला समाज के आराध्य बाबा हरदेवलालाजी झांकी, खाटू श्याम की झांकी के अलावा दिल्ली की चलित झांकियां खास आकर्षण का केंद्र रही। भगवान श्री कृष्णजी रथ में विराजित थे। इस रथ को समाजजन अपने हाथों से खिंचते हुए चल रहे थे।समाजजनों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा कई स्थानों पर चल समारोह का स्वागत कर शामिल समाजजनों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।

जन्माष्टमी पर्व पर सोमवार सुबह 10.30 बजे नयापुरा गवली मोहल्ला में श्री सांवरिया सेठ मंदिर पर महाआरती समाज के वरिष्ठजनों के आतिथ्य में हुई। पश्चात चल समारोह प्रारंभ हुआ। समारोह में डीजे पर युवक-युवतियां महिला-पुरूष बच्चे कृष्ण के भजनों पर नृत्य करते चल रहे थे। यात्रा में ट्रेक्टर पर ग्वाला समाज के आराध्य श्री हरदेवलालाजी की फूलों से सजी झांकी, भगवान श्री कृष्ण की झांकी, इसके पीछे खुले वाहन में कोटा के कलाकार राधाकृष्ण, औघड़ नृत्य की झांकी भजनों पर नृत्यों की प्रस्तुति दे रहे थे। सबसे पीछे भगवान श्रीकृष्ण का रथ चल रहा था। इस रथ को समाजजनों ने अपने हाथों से खिंचा। यात्रा में मंदसौर के ढोल-डीजे की धून पर पूरा समाज एक साथ थिरकते, कान्हा के जन्मोत्सव की खुशी में जयकारे लगाते चल रहा था। आकर्षक झांकियां, जयकारे लगाते चल रही युवाओं की टोली, कान्हा के भजन गुनगना रही महिलाएं और कृष्ण व राधा की वेशभूषा में शामिल बच्चे सब को मिलाकर जुलूस



इतना भव्य था कि जिस मार्ग से गुजरा माहौल कृष्णमय हो गया। चल समारोह का समाजजनों ने फरियाली, केले, चाय आदि वितरित कर स्वागत किया। पूरे मार्ग में कई स्थानों पर चल समारोह का स्वागत किया गया। नयापुरा गवली मोहल्ला से प्रारंभ हुआ चल समारोह शुक्ला चौक, घंटाघर, कालीदास मार्ग, बस स्टैंड बालाजी मार्ग, युवराज क्लब रोड, गांधी चौराहा, अस्पताल मार्ग, तरणताल मार्ग, बालागंज होते हुए गांधी चौराहा स्थित श्री हरदेवलाला मंदिर पर पहुंचकर समापन हुआ। चल समारोह में मंदसौर के सभी समाजजनों के अलावा नीमच, प्रतापगढ़ आदि क्षेत्रों से भी समाजजन शामिल हुए। रात 12 बजे श्री सांवलियाजी मंदिर नयापुरा में महाआरती की गई।



# धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्कूली शिक्षा विभाग मप्र शासन के आदेशानुसार शासकीय प्राथमिक स्कूल सेजपुरिया में जन्माष्ट्मी के मौके पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली बचों ने भगवान श्री कृष्ण और राधा सहित सखी सहेली का वेशभूषा को धारण किया, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मटकी फोड़ कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रमों का संचालन स्कूल की शिक्षिका श्रीमती लवली जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रमों को लेकर स्कूल के बचो में खासा उत्साह था। शिक्षिका श्रीमती लवली जैन बताया कि भगवान श्रीकृष्ण हमारे आराध्य देव है उनके जीवन चरित्र से हमें बहुत कुछ सिखने को मिलता है। उनके प्राक्ट्य दिवस के अवसर पर स्कूल में विभिन्न प्रकार के गतिविधियां संचालित कि गई बचें श्रीकृष्ण एवं राधा बनकर आयें थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मटकी फोड प्रतियोगिता भी हुई। इस अवसर पर शाला के प्रभारी राजेश फरक्या भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली मुख्य फसलों के लिए किसानों को समसामयिक सलाह

**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र, मंदसौर के वैज्ञानिकों द्वारा गांव हैदरवास, सेमलिया हीरा, कातना, राणायरा, तितरोद, सोकडी आदि गांवों का भ्रमण किया गया। भ्रमन के दौरान फसलों में कुछ समस्या पाई गई थी, जिसका निदान निम्लिखित है:-

**मुंगफली में जड़ एवं तना सड़न रोग:-** इस रोग के कारण पौधा पीला पढ़कर सुख रहे हैं। इसके उपचार हेतु पूर्व मिश्रित फ्लूसिलाजोल 12.5 प्रतिशत, कार्बन्डाजिम 25 प्रतिशत, एस. ई. की 2 मिली मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर के छिड़काव करने की सलाह दी जाती है।मुंगफली की पत्तियां पीलीपड़ रही हैं:- मुंगफली की फसल सल्फर की कमी के कारण पीलीपड़ रही है, इसके उपचार के लिए घुलनशील सल्फर 80 प्रतिशत डब्लूडीजी की 3 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर 8 से 10 दिनों की अन्तराल पर दो बार छिडकाव करें।सोयाबीन फसल में पिलापन:- ढलान वाली एवं कम उपजाउ वाले खेतों में पोषक तत्वों की कमी के कारण सोयाबीन की फसल पीली पड़ रही है। इसके उपचार के लिए जल में घुलनशील उर्वरक 18:18:18 या 19:19:19 या 0:2:34 कि 5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर के छिड़काव करें।सोयाबीन में गर्डल बीटल एवं पत्ती खाने वाले कीटों के नियन्त्रण हेतु क्लोरएंट्रानिलिप्रोल 18.5 प्रतिशत एससी की 150 मिली मात्रा या पूर्व मिश्रित कीटनाशक थाईमेथोक्साम 12.6 प्रतिशत लेम्ब्डा साईहेलोथ्रिन 9.5 प्रतिशत एससी की 125 मिली मात्रा 500 लीटर पानी में घोल बनाकर के प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।सोयाबीन फसल की कहीं कहीं ज्यादा बढवार देखी गई है, अगर किसान भाई बढवार को रोकना चाहते हैं तो मेपिक्वाटक्लोराइड 5 प्रतिशत ए.एस. की 1000 मिली लीटर मात्रा 500 लीटर पानी में घोल बनाकर के प्रति हेक्टेयर की दर से फूल आने की अवस्था में एक छिड़काव कर सकते हैं।मक्का की फसल में इल्ली नियन्त्रण के लिए स्पाईनिटोरम 11.7 प्रतिशत एससी की 6 एमएल मात्रा या मेटाराइजियम एनिसोप्लाए की 100 ग्राम मात्रा प्रति पंप (20 लीटरपानी में) घोल बनाकर के छिडकाव करें तथा फेरोमोनटेप एवं लाइट ट्रैप खेत में लगावे।टमाटर की फसल में पत्ति धब्बा रोग के नियंत्रण के लिए पूर्व मिश्रित कवकनाशी एजोक्सीस्ट्रोबिन 18.5 प्रतिशत, डाईफेनाकोनाजोल 11.4 प्रतिशत की 20 मिली लीटर मात्रा प्रति पंप 20 लीटर पानी और पतझड़ क्षेत्र प्रबंधन के लिए गोल आकार में छिड़काव करें हेलील्योर फेरोमोनट्रैप 3 प्रति बीघा की दर से लगाएं।करेला, लोकी, गिलकी, तोरई आदि बेलवर्गीय फसलों में फलों को छेदकर खराब करने वाली इल्ली को नियंत्रित करने के लिए क्यूल्लुर 3 से 4 प्रति बीघा की दर से लगावें तथा सफेद मक्खी के नियंत्रण के लिए पीली चिपचिपा ट्रैप 5 से 10 प्रति बीघा की दर से लगावें।भिंडी एवं बैंगन में फल तथा कोपलों में छेद करने वाली इल्ली के नियन्त्रण के लिए फेरोमोनट्रैप तीन प्रति बीघा की दर से लगावे तथा पूर्व मिश्रित कीटनाशक क्लोरऐंट्रानिलिप्रोल 09.30 प्रतिशत,लैम्ब्डा-साइहलोथ्रिन 04.60 प्रतिशत जेड.सी. की 8 मिली मात्रा प्रति 20 लीटर पानी में घोल बनाकर के छिड़काव करें।

# सीएम राइज विद्यालय नीमच में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**नीमच, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** देश प्रदेश एवं नीमच जिले में श्री कृष्ण जन्माष्मी का पर्व सोमवार को हर्ष उल्लास के साथ मनाया। विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए ।नीमच के सीएम राइज विद्यालय में भी सोमवार को जन्माष्मी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसमें बड़ीसंख्या विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। नन्हे नन्हे छात्र-छात्राओं ने राधा कृष्ण की वेशभूषा पहन कर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया।,

साथ ही मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें कक्षा 6 से 8 की बालक बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कक्षा 9 से 12 की बालिकाओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा के उपर



मनमोहक नृत्य के साथ सुंदर गीत प्रस्तुत किए। विद्यालय में पूर्व प्राचार्या श्रीमती निर्मला अग्रवाल और अग्रवाल बाल संस्कार शिविर की संस्थापक श्रीमती लता अग्रवाल ने श्री कृष्ण के जीवन चरित्र की ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख किया और विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। प्रारम्भ में विद्यालय प्राचार्य के एस जैन एवं उप प्राचार्य महेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम के अंत मे आभार महेश शर्मा ने व्यक्त किया और संचालन श्रीमती विनीता अग्रवाल ने किया।

## जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन कल

**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रोजगार संचालनालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजना किया गया है। रोजगार मेले का आयोजन 28 अगस्त 2024 को प्रात: 11 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नयाखेड़ा में आयोजित किया जाएगा।

# 12 वर्षीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा हॉकी मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में स्व. के बी दुबेला स्मृति अंडर 12 इंटर स्कुल प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, वरिष्ठ पत्रकार घनशयम बटवाल, की उपस्तिथि में शुभारंभ हुआ वही उक्त प्रतियोगिता में मंदसौर के सेंट थॉमस, दशपुर विद्यालय, डेक्स्टर स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, आदित्य पब्लिक स्कूल, आदि स्कूलों ने सहभागिता की जिसमे प्रथम दिवस पर आदित्य पब्लिक स्कूल विरुद्ध केंद्रीय विद्यालय, एवम दूसरे दिन सेंट थॉमस विरुद्ध दशपुर, डेक्सर स्कूल विरुद्ध केंद्रीय विद्यालय के बीच खेला गया जिसमें सेमीफाइनल मुकाबले में सेंट थॉमस विरुद्ध डेक्सटर स्कूल एवम केंद्रीय विद्यालय विरुद्ध दशपुर विद्यालय के बीच खेला गया वही फाइनल मुकाबले 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका रतलाम से बबलू तिवारी, नीमच से शैलेंद्र, मंदसौर के वैभव चोरसिया एवं मीत चौहान ने अदा की प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन अब्दुल रज़ाक ने निभाई।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर हुए विभिन्न कार्यक्रम



**मनासा, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा में कृष्ण जन्माष्मी पर्व उल्लासपूर्वक मनाया गया श्र कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेमिचन्द् पाटीदार एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एम.एल. धाकड़ रहे। मन्चासीन अतिथियों द्वारा श्री कृष्णजी की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कृष्ण जी के जीवन शिक्षा मित्रता प्रसंग पर आधारित बाल लीला लघु फिल्म प्रसारण की गई। डॉ आशीष द्विवेदी ने भागवतगीता के श्लोक एवं सार कर्मफल का महत्व विद्यार्थियों को बताया श्र कार्यक्रम मुख्य अतिथि नेमिचन्द् पाटीदार ने कृष्णजी के जीवन बाल लीला सनातन परंपरा को बताया श्र डॉ.जी.के. कुमावत ने गुरुकुल परंपरा एवं प्राचीन गुरु-शिष्य प्रणाली के बारे में विद्यार्थियों को बताया श्र महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भजन एवं नृत्य के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। संस्था प्राचार्य ने भारतीय योग परंपरा पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम उपरांत मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया एवं प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया श्र इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ. एम.एल. धाकड़, छडडजिला संगठक प्रो.अरुण कुमार चौरसिया , डॉ आशीष द्विवेदी, डॉ स्मिता रावत सपना मीणा महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में एनएसएस, एनसीसी स्वयंसेवक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ.स्मिता रावत अंत में आभार प्रदर्शन प्रो.पंकज रसानिया ने किया।

## आंतरी बुजुर्ग के ग्रामीणों की मांग पर जांच दल गठित

**नीमच, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया ने बताया कि ग्राम आंत्रीबुजुर्ग के ग्रामवासियों के द्वारा मांग की जा रही है कि स्वामित्व योजनांतर्गत कार्यवाही निष्पक्ष रूप से नही की गई। अत: स्वामित्व योजनांतर्गत दावें आपत्तियों की पुन: जांच कर तीन दिवस में नायब तहसीलदार टप्पा-कुकडेश्वर को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु श्री रामदयाल शर्मा राजस्व निरीक्षक कुकडेश्वर, श्री कन्हैयालाल धनगर पटवारी नलवा, श्री माता दिन पाठक, पटवारी मोकडी श्री मोहनलाल मालवीय, पटवारी भाटखेड़ी खुर्द का दल गठन किया गया। इस जांच दल द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत पर नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जावेगी।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**नगरी, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल नगरी सोमवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय के सभी भैया/बहनो द्वारा श्री कृष्ण , राधा व सुदामा बनकर डांडियारास करते हुए नगर में शोभा यात्रा निकाली गई।नगर में शोभा यात्रा का जगह -जगह नगरवासियों द्वारा स्वागत किया गया । जिसमे समस्त अभिभावक बन्धु ,नगरवासी , पूर्व छात्र,संयोजक मण्डल व आचार्य/दीदी की उपस्थिति रही। विद्यालय में शोभा यात्रा के समापन के पश्चात भगवान कृष्ण की आरती की गई एवम प्रसाद वितरण कर कार्यकम का समापन हुआ। आभार -विद्यालय के प्राचार्य महोदय श्री राम जी बंबोरिया ने व्यक्त किया। और पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय के उत्सव प्रमुख श्री कमलेश जी धाकड द्वारा बनाई गई जिसमें समस्त आचार्य दीदी का सहयोग प्रदान हुआ। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख गोपाल धाकड द्वारा प्रेषित।

## जीवित प्राणी साईटिस प्रजातियों का पंजीयन 31 अगस्त तक कराएं

**मंदसौर, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री संजय रायखेरे वनमंडाधिकारी सामान्य वनमंडल मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिनके पास जीवित प्राणी साईटिस प्रजातियां (डर्ळींऴसि अऴिारश्र डशलिऴशी षि उखढएड) है उनको पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के परिवेश पोर्टल 2.0 में ऑनलाईन आवेदन जमा कराकर उनका पंजीयन अनिवार्य रूप से कराना होगा। इसके अतिरिक्त उक्त जीवित प्राणी प्रजातियों के जन्म-मृत्यु, स्थानातरण एवं प्रजनन हेतु भी परिवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन निर्धारित समय-सीमा ने किया जाना अनिवार्य होगा। उक्त पोर्टल पर पंजीयन हेतु भारत सरकार द्वारा 31 अगस्त 2024 तक की सीमा निर्धारित की है। अत: जीवित प्राणी के धारकों द्वारा उक्त समय-सीमा में पजीयन कराना होगा व निर्धारित समय-सीमा के उपरात उक्त प्रजातियों को बिना पंजीयन के रखना गैर कानूनी होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु वनमण्डल कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है एवं उखढएड में शामिल जीवित प्राणी प्रजातियों की सूची लिंक https://checklist.cites.org/#/index-downloadसे प्राप्त की जा सकती है।

**** सफलता की कहानी ****

# स्वसहायता समूह से जीवन में आया बदलाव-आमदनी बढ़ी

**नीमच, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्व –सहायता समूह से जुड़कर आर्थिक गतिविधियां संचालित कर पिपलिया रावजी के जीवन ज्यौति स्व, सहायता समूह की सदस्या श्रीमती गुड्डी कुंवर चौहान के जीवन में काफी बदलाव आया है। अब वे पशुपालन के साथ ही मनिहारी दुकान एवं आटा चक्की का सफलतापूर्वक संचालन कर आर्थिक रूप से आत्मंनिर्भर बन गई है। गुड्डी कुंवर चौहान प्रतिमाह तीस हजार और वार्षिक 3.60 लाख रूपये की आमदनी प्राप्त कर आज लखपति दीदी के नाम से पहचानी जाने लगी है। स्व सहायता समूह से जुडने के बाद श्रीमती गुड्डी कुंवर चौहान ने मजदूरी करना छोड दिया है। अब वह मनिहारी की दुकान एवं आटा चक्की का सफलतापूर्वक संचालन कर आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बन गई है। अन्य महिलाएं भी गुड्डी कुंवर चौहान से प्रेरित होकर समूह से जुडकर स्वरोजगार स्थापित कर रही है।

दिनांक 27 अगस्त 2024
अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ
कन्या राशि के लोग...



* इस राशि के जातक काफी व्यवस्थित और सेहत के प्रति विशेष ध्यान रखते हैं। अनुशासन में काम करना इनको बहुत पसंद है और इसी खूबी के चलते काफी सफलता पाते हैं। अपनी दिनचर्या को लेकर काफी व्यस्त रहते हैं , लेकिन कुछ जातक दोगले स्वभाव के होते है। भावुकता के कारण इन्हे कोई भी बेवकूफ बना देता है फिर भी ये स्वयं को चतुर समझते है।
जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

# नाहरगढ़ से पाल्यामारू तुम्बड़ नदी के छोटे पुल पर दस घटे आवागमन बंद के बाद खुला







**नाहरगढ़, 26 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** दोनो सड़क मार्ग पर आवागमन बंद से राहगीर व आमजन परेशान हुआ। नाहरगढ से मुदंडी होकर मंदसौर जाना वाला सीधा मण्डी मार्ग पर पाल्या मारू गांव के पास तुम्बड नदी पर बनी छोटी पाईप पुलिया पर सोमवार सुबह शाम चार बजे से पानी आने से आमजन का आवागमन बंद हुआ जो दोपहर एक बजे के आसपास खुला। नाहरगढ से मनासा - नीमच जाने वाला सड़क मार्ग का आवागमन बंद सोमवार को सुबह तीन-चार बजे के आसपास हुआ। जो समाचार पांच बजे लिखने तक आवागमन बंद था तथा राहगीर दोनो छोर पर दिखाई दे रहे थे। अनुमान है कि बारिश नही होती है तो रात्री मे आवागमन खुल सकता है। बिल्लोद के पास शिवना नदी पर बना छोटा पाईप पुल के कारण आना जाना बंद हुआ है। इस क्षेत्र की आम जनता की वर्षो से बड़ पुल बनाने की मांग जनप्रतिनिधि व जननेताओ से करती आ रही है। नाहरगढ बिल्लोद के बीच पुल से आवागमन शाम तक बंद रहेगा ऐसा अनुमान है। अंचल मे हो रही बारिश से जल स्तर बढता जा रहा है। नाहरगढ से मल्हारगढ विधान सभा क्षेत्र मे जाने वाले दोनो मार्ग नाहरगढ से बिल्लोद तथा नाहरगढ से पाल्या मारू होकर मुदंडी जाने वाले दोनो सड़क मार्ग छोटी पुल के कारण कई घण्टे आवागमन बंद रहा है।

नाहरगढ से मंदसौर सीधा सडक मार्ग सात-आठ घण्टे बंद पाल्या मारू पुल के कारण आवागमन बंद रहा तथा नाहरगढ से बिल्लोद के बीच छोटी पाईप पुल के कारण बारह घण्टो से अधिक आवागमन बंद है। क्षेत्र के अंचलवासी वर्षो से जनप्रतिनिधिगण व जननेताओ के साथ सांसद व विधायक को समस्या से अवगत कराते आ रहे है। समस्या पर किसी ने ध्यान आकर्षित नही किया है। पाल्या मारू तुम्बड नदी पर बडा पुल एवं बिल्लोद शिवना नदी पर बडा पुल बनाने की जन चर्चा चौपाल-चौपाल व आमजन मे हो रही है। एक किलोमीटर दुर आने जाने के चक्कर मे चालीस-पचास किलोमीटर का सफर तय करना पढ रहा है। यह क्षेत्र उप मुख्यमंत्री महोदय जगदीश देवडा का है आप इस क्षेत्र से चार बार विधायक चुने गए है। लम्बे समय की मांग पर ध्यानाकर्षण की बात आमजन ने जन चर्चा मे कही है। बारिश मे छोटा पुल पर आवागमन आए दिन बार-बार बंद हो जाता है। डॉक्टर प्रहलाद सिंह परिहार ने चर्चा मे बताया की दोनो पुल आमजन के लिए जरूरी है। क्षेत्र के उप मुख्यमंत्री महोदय को पूर्व मे भी अवगत कराया गया है अभी भी अवगत करायेंगे। पहले भी विकास कराया है आगे भी विकास होगा। आमजन की समस्या है तो समाधान जरूर होगा। महेश माली पूर्व जनपद सदस्य ने चर्चा मे कहा कि हमारे सासंद , विधायक व नेतागण लगातार क्षेत्र व अंचल की समस्याओ पर जागरूक है। दोनो पुल का निर्माण आमजन हित मे जल्द होगा तथा उन्हे समस्या से अवगत कराएंगे। तुलसीराम राठौर ने बताया की आमजन की समस्या है शासन, प्रशासन , जनप्रतिनिधि व जननेता समस्या केसमाधान पर ध्यानाकर्षण करेंगे। दोनो सडक मार्ग की पुल को आमजन के लिए बड़ा बनाना जरूरी है। क्योकी यह ग्रामीण अंचल से जुड़ा सीधा सड़क मार्ग की पुल है।

